छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय
नवा रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर

क्र/न.प्र./2020/55 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 26/03/2020

प्रति,

1. समस्त आयुक्त,
   नगर पालिक निगम, छ0ग0।
2. समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
   नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत, छ0ग0।

विषय :– **Quarantine Camps/Quarantine Homes/Home Care में बायो–मेडिकल कचरे के निपटान के संबंध में।**

संदर्भ :– डॉ. प्रशांत गार्गव, भारत सरकार, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का पत्र क्र. B-31011/BMW (94)/2020/WM-I दिनांक 25 मार्च 2020

––00––

कृपया संदर्भित दिशानिर्देशों का अवलोकन करने कष्ट करें। Quarantine Camps/Quarantine Homes/Home Care में बायो–मेडिकल कचरे के निपटान हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें –

1. प्रत्येक नगरीय निकाय में ऐसे स्थान की जानकारी अद्यतन उपलब्ध कर उसे पर्यावरण संरक्षण मंडल को भी उपलब्ध कराई जाए।
2. यह सुनिश्चित किया जाए कि कैम्प में बायो–मेडिकल कचरा सीधे पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अनुबंधित एजेन्सी द्वारा एकत्रित किया जावे। एजेन्सी के संपर्क सूत्रों की जानकारी कैम्प में उपलब्ध कराई जाए।
3. एजेन्सी के कर्मचारियों को वांछित सहयोग प्रदान किया जाए।
4. Quarantine Home में उपसर्जित बायो–मेडिकल कचरे हेतु पृथक कचरा एकत्रीकरण एजेन्सी स्टाफ निकाय द्वारा चिन्हांकित किया जावे एवं ऐसे कचरे को एकत्रित कर उसे चिन्हांकित स्थान पर CBWTF हेतु अनुबंधित एजेन्सी को उपलब्ध कराया जाए। यदि ऐसे घरों की संख्या कम है तो ऐसी स्थिति में CBWTF द्वारा सीधे कचरा एकत्रित किया जा सकता है।
5. बायो–मेडिकल कचरे को एकत्रित करने हेतु पीले रंग के बैग का उपयोग किया जाए। आवश्यकतानुसार, यह बैग CBWTF द्वारा उपलब्ध कराए जा सकते हैं।
6. यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे स्थानों पर कचरा एकत्रीकरण हेतु पृथक कर्मचारियों की व्यवस्था कर उन्हें बायो–मेडिकल कचरे से संबंधित उचित प्रशिक्षण दिया जाए।

7. प्रत्येक कर्मचारी को पर्याप्त मात्रा में PPE उपलब्ध कर, उनका कार्यावधि में सदैव उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

8. ऐसे स्थानों पर कचरा कलेक्शन हेतु पृथक गाड़ी, ट्रॉली आदि का उपयोग कर प्रत्येक ट्रीप पश्चात् 1% hypochlorite से वाहन sanitise किया जाए।

9. सामान्य MSW का निष्पादन MSW Rules 2016 के अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(अलरमेलमंगई डी.)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

पृ.क्र / न.प्र. / 2020 / 56 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 26 / 03 / 2020

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, मान. मंत्रीजी, छ.ग. शासन, न.प्र.वि.वि., मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, छ.ग. शासन, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।
3. समस्त जिला कलेक्टर, छत्तीसगढ़।
4. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, छ.ग.।
5. समस्त संयुक्त संचालक, न.प्र.वि.वि. क्षे.कार्या.रायपुर / दुर्ग / बिलासपुर / सरगुजा / बस्तर।

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग